भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **2848**
दिनांक 5 दिसम्बर, 2019 / 14 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

सुरक्षा संपरीक्षा

2848. श्री सत्यदेव पचौरी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमान-कंपनियों की एक सुरक्षा संपरीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या कुछ विमान कंपनियां विभिन्न मानदंडों पर सुरक्षा संपरीक्षा को पास करने में विफल रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उन विमान कंपनियों के विरुद्ध डीजीसीए द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): जी, हां। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अपने वार्षिक निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत देश में अनुसूचित एवं गैर-अनुसूचित एयरलाइन प्रचालकों का नियमित रूप से संपरीक्षा ऑडिट किया जाता है। नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा वर्ष 2018 तथा 2019 के दौरान एयरलाइनों में किए गए संरक्षा संपरीक्षा का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।
(ख): संपरीक्षा/ निगरानी / मौके पर की गई जांच से प्राप्त निष्कर्षों / उल्लंघनों के आधार पर चूक करने वाले संगठनों / उत्तरदायी कार्मिक के प्रति पदधारकों के संबंध में नागर विमानन महानिदेशालय अनुमोदन समाप्त किए जाने सहित प्रवर्तन कार्रवाई की जाती है। नागर विमानन निदेशालय द्वारा वर्ष 2018 तथा 2019 में किए गए संरक्षा संपरीक्षा के परिणामस्वरूप निम्नलिखित के प्रति प्रवर्तन कार्रवाई की गई है:

1. जूम एयर : विमान प्रचालन परमिट का विस्तार नहीं किया गया है
2. इंडिगो :
(i) कॉकपिट कर्मी दल को घटना की रिपोर्ट न किए जाने के कारण निलंबित कर दिया गया है।
(ii) मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अनुपालन न करने के कारण अनुरक्षण इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है।
(iii) नागर विमानन महानिदेशालय के विनियमों का अनुपालन न करने के कारण ना.वि.म. पदधारक अनुमोदन समाप्त किए गए हैं।
3. स्पाइस जेट : नागर विमानन महानिदेशालय के विनियमों का अनुपालन न करने के कारण ना.वि.म. पदधारक अनुमोदन समाप्त किए गए हैं।

*****

अनुलग्नक

लोक सभा के दिनांक 5/12/2019 के अतारांकित प्र सं 2848 के भाग (क) से संबंधित विवरण

वर्ष 2018 और 2019 के दौरान नागरविमानन महानिदेशालय द्वारा निष्पादित एयरलाइनों की सुरक्षा संपरीक्षा:

	2018	2019
विनियामक लेखा परीक्षा	एयर एशिया	पवन हंस
	स्पाइस जेट	एयर इंडिया एक्सप्रेस
	विस्तारा	एलायंस एयर
	जेट एयरवेज	
विशेष संपरीक्षा	पवन हंस	इंडिगो
	एअर इंडिया	स्पाइसजेट
	जेट एयरवेज	गो एयर
	ज़ूम एयर	विस्तारा
	एयर एशिया	इंडिगो
	एलायंस एयर	स्पाइसजेट
	एयर इंडिया एक्सप्रेस	एलायंस एयर
	इंडिगो	
	गो एयर	
	जेट एयरवेज कोनेक्ट	
	स्पाइसजेट	
	विस्तारा	
	ट्रूजेट	
	एयर ओडिशा	
	एयर डेक्कन	